**प्रेस नोट सं0 -06**

**दिनांक- 04.09.2025**

**सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस**

**थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा झपटमारी करने वाले 03 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से छपटमारी करके ले जाया गया 01 मोबाइल फोन बरामद।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 04.09.2025 को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज श्री अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार 03 नफर अभियुक्तों 1.अमित पाल पुत्र जगतपाल निवासी रामदैयपुर मजरे मनीरामपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष, 2.शुभम यादव पुत्र रवीन्द्र कुमार यादव निवासी गौरी का पुरवा मजरे लोहगपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष, 3.अनुराग कनौजिया पुत्र तुलसीराम कनौजिया निवासी कोरारी गिरधरशाह थाना अमेठी जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त अनुराग कनौजिया के कब्जे से 01 अदद मोबाइल सैमसंग गैलेक्सी बरामद हुआ। बरामद मोबाइल फोन के संबंध में पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि उन लोगों ने यह मोबाइल फोन दिनांक 03.09.2025 को इसी मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस यूपी 72 एएक्स 5331 से अमेठी-धम्मौर रोड पर बुढ़उ बाबा पुल मुसवापुर के पास रोड पर जा रहे लड़के से झपट करके भाग गये थे। मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस यूपी 72 एएक्स 5331 के कागज मांगने पर दिखा न सके। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के संबंध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता –**

1. अमित पाल पुत्र जगतपाल निवासी रामदैयपुर मजरे मनीरामपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष।
2. शुभम यादव पुत्र रवीन्द्र कुमार यादव निवासी गौरी का पुरवा मजरे लोहगपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष
3. अनुराग कनौजिया पुत्र तुलसीराम कनौजिया निवासी कोरारी गिरधरशाह थाना अमेठी जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष।

**बरामदगी-**

1. छपटमारी करके ले जाया गया 01 मोबाइल फोन।
2. घटना में प्रयुक्त 01 हीरो स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल सं0 यूपी 72 एएक्स 5331

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

1. मु0अ0सं0 103/25 धारा 304(2), 317(2) बीएनएस थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
2. घटना में प्रयुक्त 01 हीरो स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल सं0 यूपी 72 एएक्स 5331 (धारा 207 एमवी एक्ट)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. श्री शिवकान्त त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक मुंशीगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 सुरेश चन्द्र यादव थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
3. हे0का0 धीरेन्द्र कुमार थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
4. का0 धीरेन्द्र कुमार थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
5. का0 आनन्द यादव थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
6. का0 फईम अली थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
7. का0 गणेश कटियार थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
8. का0 जावेद राईन थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।